तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 शिविर में हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ...





11 राज्य में लक्ष्य पाने 17 दिन में 48 लाख टन धान की ...




# आधी रात विधायक ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू ने आधी रात अचानक जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में अव्यस्था को देख नाराजगी जताई और जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों के साथ उपस्थित स्टॉफ से भी चर्चा की। उन्होंने स्टाफ से कहा कि अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। दवाओं की उपलब्धता, अस्पताल में मौजूद अलग अलग सुविधाओं के बारे में विधायक ने जानकारी ली। जिस पर उपस्थित डॉ. खुशबू देवांगन ने जानकारी दी। विधायक ने एक-एक वार्ड में जाकर मरीजों से बात की। उनकी बीमारी और उपचार के बारे में पूछा, जिस पर मरीजों ने जानकारी दी। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आने वाले समय में बेमेतरा जिला अस्पताल में और सुविधाएं बढ़ने वाली हैं। विधायक ने कहा कि जिला अस्पताल में सभी मरीजों का पूरा ख्याल रखा जाए। उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि लगातार जिला अस्पताल में मरीज को हो रही परेशानी की शिकायतें मिलती थी, जिसके चलते यह औचक निरीक्षण किया गया है। अस्पताल के स्टाफ को मरीजों की सुविधा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। यदि किसी मरीज को कोई भी असुविधा होती तो उसे वह सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं।



### सुविधाएं बेहतर करने की मंशा

विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाने और जो कमी है उसे पर सुधार लाने के साथ-साथ जिला अस्पताल में स्टाफ बढ़ाने के विषय पर भी विधायक ने अस्पताल स्टाफ को कहा कि क्षेत्र का विधायक आपके साथ खड़ा है आप दस्तावेज तैयार कर मुझे बताएं मैं स्वयं मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं कलेक्टर से बात कर उसे पूरा कराने प्रयास करुंगा।

## हादसा : नांदघाट के पास हुआ हादसा, मंदिर से टकराकर रुकी कार

# बिलासपुर-रायपुर मार्ग पर बेकाबू कार पलटी, समाजसेवक मित्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज
बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट

रविवार को बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे में तेज गति आ रही कार अनियंत्रित होकर सड़क से पलट गई। हादसे में कार सवार व्यक्ति के सिर में गम्भीर चोट आने से अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए नवागढ़ भेज दिया। हादसा शाम करीब चार बजे नेशनल हाईवे में हुई। बिलासपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मारूती रिट्ज कार क्र. सीजी 04-2220 अचानक सड़क पर अनियंत्रित होकर लहराते हुए पलट गई और सड़क किनारे से उतर कर नांदघाट में विवेक शुक्ला के ढाबे के सामने आकर पलट गई। कार चालक विश्वजीत मित्रा करीब 60 वर्ष घटना में बुरी तरह से घायल हो गए।

- बिलासपुर से लौट रहे मित्रा स्वयं चला रहे थे कार

जिन्हें प्रत्यक्षदर्शी मनीष शुक्ला, देवेश यादव, असुराज आदि ने तत्काल इलाज के लिए नांदघाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उनकी गम्भीर स्थिति के चलते उन्हें एंबुलेंस से नवागढ़ अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी रास्ते पर ही उनकी मृत्यु हो गई।




### डीजे के खिलाफ कोर्ट में लड़ी थी लड़ाई

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन काफी रफ्तार में था और टायर फटने की आवाज के साथ कार अनियंत्रित होकर फिल्मी अंदाज में उछल कर पलटी खाते हुए जर्जर मंदिर में जाकर टकराई। मृतक मित्रा खुद बाहर निकल कर बेहोश हो गए। उनके पास मिले दस्तावेजों से उनकी पहचान छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति के सदस्य प्रख्यात समाजसेवी विश्वजीत मित्रा के रूप में हुई। जिन्होंने तेज आवाज से बजने वाले डीजे के विरुद्ध कोर्ट में लड़ाई लड़ी थी।

# बिजली विभाग के पिकअप की ठोकर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

नवागढ़-संबलपुर मार्ग पर ग्राम मुरता में शुक्रवार दोपहर को पिकअप और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों ने 108 पर कॉल करके तत्काल सूचना दी। युवक को 108 एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल नवागढ़ ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया।

- नवागढ़-संबलपुर मार्ग पर ग्राम मुरता में हुआ हादसा

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह बिजली विभाग की गाड़ी बोलेरो पिकअप वाहन संबलपुर तरफ से आ रहा था। वहीं किशन पाटले (42) निवासी डिघौरा थाना पथरिया जिला मुंगेली कवर्धा में आयोजित चौका कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहा था। इस बीच मुरता के पास पिकअप वाहन चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार को दोनों पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई थी। इससे बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 व 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।




## खबर संक्षेप

### प्राचार्य दिनकर को बनाया गया शोध निदेशक

**साजा।** यूजीसी से जारी अधिसूचना के अनुसार पंडित देवी प्रसाद शासकीय महाविद्यालय साजा के प्राचार्य डा. आईपी दिनकर को समाजशास्त्र विषय के लिए शोध निदेशक हेतु मान्य किया गया है। प्राचार्य श्री दिनकर पूर्व से ही पीएचडी की उपाधि प्राप्त है। अब पीएचडी करने के वाले इच्छुक छात्र-छात्राओं विशेषकर ग्रामीण अंचलों को दूर-दूर तक भटकने के बजाय श्री दिनकर के मार्गदर्शन में पीएचडी कर सकेंगे। इससे नगर एवं ग्रामीण अंचलों में हर्ष व्याप्त है। शोध निदेशक बनने उपरांत नगर एवं ग्रामीण अँचलों के जनप्रतिनिधियों के अलावा महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्र छात्राओं ने बधाई दी।



### एसडीएम बेरला को मिला नवागढ़ का अतिरिक्त प्रभार

**बेमेतरा।** नवपदस्थ कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संयुक्त कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला युगल किशोर उर्वशा को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। भूपेन्द्र सिंह जोशी डिप्टी कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ को डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय बेमेतरा का कार्य सौंपा है। इस आशय के आदेश जारी कर दिया गया है।

### श्रीअखंड नवधा रामायण में शामिल हुए दत्ता

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम फरी में तीन दिवसीय श्रीअखंड नवधा रामायण समारोह का समापन रविवार को हुआ। समापन में भाजपा नेता रोशन दत्ता शामिल हुए व पूजा-अर्चना कर कथा सुनी। इस दौरान उनके साथ नीलकंठ पाटिल, मनीष पाटिल, मानिकपुरी सर, गन्नू राम पाटिल, पीतांबर यादव, उदय राम साहू, झूला राम यादव, मनोरय दास मानिकपुरी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### चीजगांव में श्रीअखंड नवधा रामायण 13 से

**बेमेतरा।** ग्राम चीजगांव में श्रीअखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 13 से 16 जनवरी तक होगा । समिति संचालक लक्ष्मण साहू, चेतन साहू एवं अजय साहू ने बताया कि आयोजन दुर्गा मंच प्रांगण में किया जाएगा साथ ही नवधा रामायण समारोह के बाद 17 जनवरी बुधवार को मातर-मंड़ई का कार्यक्रम होगा। 18 जनवरी को सरस्वती संस्कार केन्द्र में बच्चों का वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम नवधा प्रांगण में होगा। उक्त जानकारी ग्राम के अजय साहू द्वारा दी गई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना : जोशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संयुक्त सचिव भारत सरकार एवं ज़िला प्रभारी अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा आशीष जोशी ने रविवार को कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में ज़िला अधिकारियों की बैठक लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में चल रहे कार्यक्रम के बारे में पूछा एवं प्रगति तथा लाभर्थियों की जानकारी ली । महिला बाल विकास विभाग से पोषण अभियान व प्रधान मंत्री मातृ योजना की समीक्षा की।

स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाले आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी ली। केसीसी व नल जल योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों मे प्रदाय की जाने वाली जल सप्लाई के बारे में पूछा । उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम पात्र हितग्राही को लाभ पहुंचाना है। इसके लिए केंद्र सरकार की और से दिशा निर्देश भी जारी किए गए है। उन्होंने कहा की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं मिला उन्हें लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना की जानकारी दी। ज़रूरी दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने ज़िले में अब तक किए गये विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम और लाभान्वित हितग्राहियों सहित प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण आदि की जानकारी दी। बैठक अपर जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी, कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, एसडीएम बेमेतरा सुश्री सुरुचि सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

- संयुक्त सचिव भारत सरकार ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा

# मंत्री दयालदास ने किया पोस्टर विमोचित



**बेमेतरा ।** ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी द्वारा 3 फरवरी से 11 फरवरी तक कृषि उपज मंडी बेमेतरा में संस्कृति व्यापार मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने रविवार को किया गया। पोस्टर विमोचन के दौरान समिति के संयोजक जगजीत सिंग, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सचिव गोविन्द साहू, धर्मेन्द्र साहू ,अमित यादव कमलेश साहू एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# टीआई समेत 26 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ 26 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। शनिवार को जारी आदेश में 1 निरीक्षक, 03 उप निरीक्षक, 09 सहायक उप निरीक्षक, 08 प्रधान आरक्षक, 05 आरक्षक को इधर से उधर किया गया है।

- एसपी ने किया स्थानांतरण आदेश जारी
- 1 टीआई, 3 एसआई, 9 एएसआई, 8 प्रधान आरक्षक, 05 आरक्षक का हुआ तबादला

जिसमें थाना प्रभारी साजा मुकेश यादव को थाना प्रभारी परपोडी, थाना प्रभारी परपोडी उप निरीक्षक राजकुमार साहू को थाना प्रभारी साजा, चौकी प्रभारी खण्डसरा उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी को चौकी प्रभारी देवकर, चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक यशवंत जंघेल को थाना साजा, चौकी प्रभारी देवरबीजा सहायक उप निरीक्षक सुभाष सिंह को चौकी प्रभारी खण्डसरा, थाना नांदघाट से सहायक उप निरीक्षक उदलराम टांडेकर को चौकी प्रभारी देवरबीजा, थाना साजा से सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री को चौकी प्रभारी मारो, चौकी प्रभारी मारो सहायक उप निरीक्षक डिग्री लाल सोना को थाना बेरला किया गया है तथा जिले के सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित 26 अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है जिसमें से एक प्रधान आरक्षक को लाईन अटैच (रक्षित केन्द्र) किया गया है।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411





## खबर संक्षेप



### हिंद मजदूर सम्मेलन में शामिल हुए कर्मचारी

**भिलाई।** हिन्द मजदूर सभा की हीरक जयंती वर्ष समारोह के रूप में हिन्द मजदूर सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन नागपुर में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में भिलाई से भी यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए। बीएसपी कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यानाकर्षित किया। अध्यक्षता हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस राजा श्रीधर ने की। समारोह का संचालन राष्ट्रीय महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू ने किया। एस राजा श्रीधरपुनः अध्यक्ष व महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू चुने गए। स्मेफी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने सेल कर्मचारियों की लंबित मांगें जल्द पूर्ण नहीं होने पर राष्ट्र व्याप हड़ताल की बात कही। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष एचएस मिश्रा के नेतृत्व में भिलाई व कोरबा से अनेक कर्मियों भाग लिया।

### नए निगम आयुक्त ध्रुव ने विभागों का किया निरीक्षण

**भिलाई।** भिलाई निगम के नए आयुक्त के रूप में देवेश कुमार ध्रुव वे अपना कार्यभार शुक्रवार को ग्रहण किया। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर पश्चात निगम सभागार मे सभी जोन आयुक्त एवं विभाग प्रमुखों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया और विभागीय कार्यो से अवगत हुए। उन्होने कहा कि हम सबका उद्देश्य शासन के कार्यो को समय सीमा मे नियमानुसार और व्यवस्थित रूप से सम्पादन करना होगा। कार्य को पूरा करने में कोई समस्या आती है तो उसकी जानकारी उच्चधिकारियों को देवें। निगम के अधिकारी कर्मचारी अनुशासन मे रह कर टीम भावना से कार्य करें। जनहित के कार्यों को प्राथमिता के पूरा करें। आयुक्त श्री ध्रुव बैठक के बाद मुख्य कार्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण कर विभागों में होने वाले कार्य की बारिकियों को समझें और कार्यालयीन व्यवस्था को देखा तथा आवश्यक निर्देश दिए।

# सेल को मिला पटना मेट्रो प्रोजेक्ट का कांट्रेक्ट: बीएसपी करेगा आर–260 ग्रेड रेल की आपूर्ति

## 1200 टन आर–260 ग्रेड रेल की आपूर्ति की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अलग खबर



सेल को पटना मेट्रो परियोजना के लिए रेल की आपूर्ति के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी) से कांट्रेक्ट मिला है। कांट्रेक्ट के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 1200 टन आर–260 ग्रेड रेल की आपूर्ति की जाएगी। बीएसपी द्वारा 13 मीटर लंबाई में 1200 टन आर–260 रेल की आपूर्ति करना शामिल है। संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में उत्पादित इन रेल्स का उपयोग पटना मेट्रो परियोजना के अंतर्गत बनने वाले नए आईएसबीटी डिपो के भीतर ट्रैक स्थापना के लिए किया जाएगा।

पटना मेट्रो, पटना में निर्माणाधीन एमआरटीएस लाइन है, जिसे 5 चरणों में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना का स्वामित्व और संचालन का अधिकार पटना मेट्रो रेल कर्पोरेशन के अंतर्गत है। 30.91 किमी लंबी पटना मेट्रो परियोजना फेज़–1 के लिए नए आईएसबीटी डिपो का निर्माण कार्य चल रहा है। इस सुविधा का उपयोग पटना मेट्रो की लाइन–1 (दानापुर छावनी–खेमनीचक) और लाइन–2 (पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन–न्यू आईएसबीटी) पर चलने वाली ट्रेनों के लिए मेंटेनेंस और स्टेबलिंग प्वाइंट के रूप में किया जाएगा।

## 12 हजार कर्मचारी व 30 हजार मजदूर कार्यरत होने से प्रबंधन की बढ़ी चुनौती

# बीएसपी में नियमित कर्मी व ठेका मजदूरों के बीच बढ़ रहा असंतुलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल की ध्वजवाहक इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र में नियमित कर्मचारियों और ठेका मजदूरों की संख्या के बीच बढ़ता संतुलन लाइलाज समस्या बनती जा रही है। रेगुलर कर्मियों के निरंतर कम होने और मजदूरों की तादाद बढ़ने से प्रबंधन के सामने कई तरह की चुनौतियां बनती जा रही हैं। इसका खामियाजा सभी पक्षों को भुगतना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में पिछले कई वर्षों से भर्ती बंद होने और रेगुलर कर्मियों के सेवानिवृत्त होने से ठेका मजदूरों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। वर्तमान में मात्र 14 हजार रेगुलर कर्मी व अधिकारी बच रह गए हैं, जबकि ठेका मजदूर 25 हजार हैं। वर्क्स व नान वर्क्स मिलाकर तो मजदूरों की संख्या 35 हजार के करीब है। पूरे सेल में इनकी संख्या 1 लाख से ऊपर है। मजदूरों व नियमित कर्मचारियों के बीच बढ़ते असंतुलन से संबंधि पक्षों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। मजदूरों के साथ लोकल व उच्च प्रबंधन, संयंत्र, ट्रेड यूनियनों के साथ शासन आदि एजेंसियों की भी चुनौतियां बढ़ रही हैं।

सर्वाधिक परेशानी खुद ठेका मजदूरों को हो रही है, जिन्हें वर्षों से अल्प वेतन, सुविधाओं व सेफ्टी उपकरणों के बीच जोखिम के माहौल में काम करना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक यह बड़ी विडंबना है कि प्लांट एक ही नेचर के कार्य को करने वाले मजदूरों को वेतन मात्र 5 से 10 हजार है और नियमित कर्मचारी की तनख्वाह 80 हजार से 1 लाख है। इन्हें आवासीय, मेडिकल, बीमा, लोन, इंसेटिव, वाहन आदि भत्ते, बोनस, एरियर्स आदि तमाम सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लेकिन मजदूरों को केंद्र का न्यूनतम वेतन व बोनस मिल रहा है और न ही रेगुलर की तरह सहूलियतें ही उपलब्ध हैं। बल्कि जो वेतन मिल रहा है, ठेकेदार उसमें भी डंडी मार रहे हैं, पूरा वेतन मांगने पर गेट पास छीन लिए जा रहे हैं। जबकि 40 साल से कीर्तिमानी उत्पादन अभियान में इनका बराबर का योगदान है। लेकिन मजदूरों व रेगुलर कर्मियों के बीच के इस अमानवीय व असंवैधानिक फर्क की ओर कोई भी संबंधित एजेंसी का गंभीर नहीं है। यहां तक की यहां यूनियनों ने भी मजदूरों को लिए कभी उस तरह का संघर्ष नहीं किया जिस तरह नियमित के लिए क रहे हैं। ठेका मजदूरों ने कहा कि आसमान छूती महंगाई में हम मात्र 5,7 हजार दिहाड़ी मजदूरी में किस तरह परिवार चला रहे हैं, यह प्रबंधन ही नहीं वरन सरकार के घोषणावीर कर्णधारों को सोचने की फुरसत व दिलचस्पी नहीं है। पिछले 2, 3 साल से एनजेसीएस बैठक में केंद्रीय यूनियनें रस्मी तौर पर मजदूरों के वेतम समझौते को उठाती रहीं। सेल प्रबंधन की मूर्छा कभी नहीं टूटी।



**खास बातें**

- वर्कलोड के साथ कार्य संस्कृति पर भी असर
- एक ही कार्य करते हुए रेगुलर का वेतन 1 लाख व श्रमिक का 5 हजार
- बढ़ रहा असंतोष,यूनियनों के प्रति कम हुआ भरोसा

### होगा चौतरफा नुकसान

कर्मचारियों और श्रमिकों के बढ़ते असंतुलन से चौतरफा समस्याएं बढ़ रही हैं। रिकार्ड उत्पादन के दबाव में मजदूरों व कर्मचारियों पर निरंतर वर्कलोड बढ़ रहा है। प्लांट में कई विभागों में तो गिनती के कर्मचारी बचे हैं, ठेका मजदूर ही काम की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। इससे अधिकारियों का भी तनाव बढ़ रहा है और बढ़ते असंतोष तथा दुर्घटनाओं से प्रबंधन की भी दिक्कतें बढ़ रही हैं। यूनियनों के मुताबिक यदि इसी तरह मेनपावर कम होता गया तो प्लांट के निजीकरण होते देर नहीं लगेगी। मजदूरों के वेतन व सुविधाएं आदि की एक बड़ी राशि ठेकेदार वर्षों से दबा लिए जा रहे हैं, लेकिन प्रथम नियोक्ता बीएसपी प्रबंधन व श्रम विभाग अकर्मण्य बने हुए हैं, सरकार भी रस्मअदायगी कर रही है। दोनों के बीच असंतुलन बढ़ने और मजदूरों की समस्याओं के निदान नहीं होने का गंभीर प्रभाव उत्पादन, असुरक्षा, कार्य संस्कृति और औद्योगिक संबंधों पर पड़ेगा। इसकी कीमत संयंत्र, लोकल व स्थानीय प्रबंधन सरकार व ठेकेदारों को चुकानी पड़ेगी।

### यूनियनों से हो रहा मोहभंग

बदलते दौर में नियमित कर्मियों की तरह अब ठेका मजदूरों का भी यूनियनों से मोहभंग होने लगा है। दो दशक पूर्व तक होने वाले धरना, प्रदर्शन व हड़ताल आदि में हजारों कर्मचारी झंडे लहराते बारिश, धूप व ठंडी में घंटों शामिल होते थे। लेकिन आज सिर्फ यूनियन नेता ही झंडे लहराते दिखाई देते हैं। बुजुर्ग यूनियन नेताओं के मुताबिक मोहभंग का मूल कारण पहले कर्मचारी का वेतन मात्र 25, 30 हजार था, उसे चौराहे पर झंडे उठाने में झिझक नहीं होती थी, लेकिन आज वेतन 1 लाख को छू रहा है, यानी अब व सुविधाभोगी हो गया है, कर्मचारी नहीं रहा। फिर श्रमिक संगठनों की प्रतिबद्धता में भी कमी आई है। ठेका मजदूरों की हालत तो इससे भी दयनयी है। यूनियनों ने मजदूरों के लिए वर्षो से वैसा संघर्ष नहीं किया, जैसा नियमित के लिए कर रहे हैं। दल्ली राजहरा में नियमितीकरण कराने वाले एटक व छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के आंदोलन की मात्र चर्चा भर करते रहे। कर्मियों की तरह वेज रिवीजन निर्धारण, बोनस, सुरक्षा उपकरण व सुविधाएं आज तक नहीं मिलीं। दल्ली राजहरा में एटक व छमुमो

## डीपीएस रिसाली में हुआ आयोजन

# स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने जागरूकता और ट्रैफिक प्रशिक्षण की शुरूवात डीपीएस स्कूल मरोदा से की गई। ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डीएसपी सतीश ठाकुर, द्वारा डीपीएस स्कूल में एक हजार स्कूली छात्र-छाज्ञाओं को ट्रैफिक नियमो की जानकारी दी। पहले कार्यक्रम की शुरूवात में स्कूल प्रबंधन के बस चालको द्वारा ट्रैफिक नियम से जुड़े गीत प्रस्तुत किया। उसके बाद डीएसपी ट्रैफिक के द्वारा ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। इसके प्रमुख घटक 4-ई के बारे में बताया गया। पहला-ई रोड इंनजीनियरिंग, दूसरा-ई एजुकेशन इसके अंतर्गत पैदल चलने के नियम, ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किंग, रोड साईन बोर्ड एवं वाहन चलाने के नियम, वाहन चलाते समय किन किन बातो का ध्यान रखना चाहिए से अवगत कराया गया, तीसरा-ई इन्फोसमेन्ट इसके अंतर्गत पुलिस द्वारा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालको के पर कार्रवाई करना, चौथा-ई इंमरजेन्सी केयर इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उपचार किया जाना आता है। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक, ट्रैफिक पुलिस से सहायक उप निरीक्षक राजगणी सिंह, आरक्षक तिलक साहू मौजूद थे।

- ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किग आदि की जानकारी भी

### वीडियो क्लीप से भी जागरुकता

स्कूली बच्चों को सडक दुर्घटना से जुड़े वीडियो क्लीप भी दिखाया गया। जिससे सडक दुर्घटना के कारणों से अवगत कराते हुए इन बातो को अपने परिजन, रिश्तेदार से साझा कर ट्रैफिक नियमो का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाये। छात्र जीवन एक अनुशासन मे रहकर जीवन व्यतीत करता है। उसी प्रकार सड़क मे भी एक अनुशासित वाहन चालक सड़क दुर्घटनाओं से बच सकता है। डीएसपी ट्रैफिक ने कहा कि हमारा लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं मे होने वाली मौत को रोकना है। जिसके लिए एक वाहन चालक को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक होना अति-आवश्यक है।

# महिलाओं को शिक्षित करने सावित्रीबाई फुले के योगदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिला सशक्तिकरण संघ जिला दुर्ग द्वारा देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जयंती वंदना संघ बुद्ध विहार दुर्गा नगर भिलाई में जयश्री बौद्ध के अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुवात सावित्रीबाई के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की बुद्ध विहार शिक्षा का केन्द्र होना चाहिए। डॉ आंबेडकर सुगत वंदना संघ बुद्ध विहार अध्यक्ष विजय कुमार दहाटे, रजंना वालवांद्रे, आरके साखरे, सविता मेश्राम सहित सभी ने भीमा कोरेगांव एवं सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्य पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि संकल्प बंसोड व आरके गाडगे ने समाज के वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन कल्पना गजभिए एवं आभार प्रतिमा गेडाम ने किय। इस अवसर पर मीना नारनौरे, रंजना वालवांद्रे, सविता मेश्राम, शोभा पाटिल, लीना वैद्य, ज्योति गेडाम, पुर्णिमा उईके, वंदना पानतावने, विजिया बागड़े, सरस्वती रामटेके, वंदना मिलिंद, निशा दाहाटे, सविता पाटिल, अनिता गजभिए, पदमा डोंगरे, सुनीता सुखदेवे सहित अनेक समाजिक जन उपस्थित थे।

### डीपीएस दुर्ग का एनुअल डे दस को



**भिलाई।** डीपीएस दुर्ग का एनुअल डे दस जनवरी को शाम 6 बजे स्कूल के आडिटोरियम में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के वित्त एवं वाणिज्य मंत्री ओमप्रकाश चौधरी होंगे। हरियाणा के पूर्व कृषि, वित्त व राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु समारोह के ग्रेसियस गेस्ट होंगे। वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन और दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव वार्षिकोत्सव में विशेष अतिथि होंगे। दिल्ली पब्लिक स्कूल के इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि स्कूल परिसर में प्रदर्शित स्टूटेंड्स की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इसके बाद आडिटोरियम में दीप प्रज्जवलित कर एनुअल डे का शुभारंभ करेंगे। बच्चों के स्वागत गीत के बाद प्रिंसिपल वार्षिक रिपोर्ट पढ़ेंगे फिर प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार वितरित करेंगे। मुख्य अतिथि के उद्बोधन के बाद विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। नृत्य नाटिका व अंग्रेजी नाटक तथा अंतर्राष्ट्रीय लोक नृत्य और पपेट शो आकर्षण का केंद्र होगा।



- प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिलेगा पुरस्कार

# भिलाई में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर एयर क्वालिटी इंडेक्स रोजाना 300 के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



देश में प्रदूषण के लिए दिल्ली ही बदनाम नहीं है। अपना भिलाई भी इस मामले में अब कतई पीछे नहीं रह गया है। भिलाई में वायु प्रदूषण का आलम यह है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) रोजाना 270 के पार पहुंच रहा है। बुधवार को हालात में जरा सुधार दिखा जब एक्यूआई 228 रहा, मगर इसे भी खतरनाक स्तर माना गया है। औद्योगिक प्रदूषण ने भिलाईयंस का जीना दुश्वार कर रखा है। शहर की आउटर कॉलोनियों और बाहरी बसाहटों में धूल की बारिश हो रही है। घरों के अंदर भी धूल की मोटी परत जम जाती है।

भिलाई जितनी तेजी से विकास कर रहा है, उतनी ही तेजी से यहां का पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ रहा है। उद्योगों की भरमार और नेशनल हाईवे से गुजरने वाले बेशुमार ट्रकों एवं दीगर वाहनों की वजह से इस्पात नगरी भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ गया है। शहर में जारी विभिन्न निर्माण कार्य भी वायु प्रदूषण बढ़ाने में बराबर योगदान दे रहे हैं। बीते कई दिनों से भिलाई में वायु प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुंच रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक कई दफे तो 300 के आंकड़े को छू लेता है, जो कि बेहद खतरनाक स्तर है। मंगलवार को एक्यूआई 292 रहा, जबकि बुधवार को स्थिति थोड़ी सुधरी नजर आई। बुधवार को एक्यूआई 228 रहा। इसके पहले के दिनों में एक्यूआई 270 के ऊपर छलांग लगाता रहा। 150 के आसपास ही वायु गुणवत्ता बेहतर मानी जाती है। उससे ऊपर जाने पर यह पुअर श्रेणी में और थोड़ा ऊपर जाने पर ज्यादा पुअर और 200 को पार कर जाने के बाद खतरनाक श्रेणी में आ जाता है। यानि इन दिनों शहरवासी सांसों के साथ जहरीली हवा खींच रहे हैं।

- इंडस्ट्रीयल डस्ट से बाहरी बस्तियों का है बुरा हाल

### टाउनशिप में भी बुरा हाल

प्रदूषण के मामले में भिलाई के टाउनशिप को सबसे सुरक्षित माना जाता है, लेकिन अब टाउनशिप भी वायु प्रदूषण से अछूता नहीं रह गया है। बुधवार को टाउनशिप का एक्यूआई लेवल 242 दर्ज किया गया। यह खतरनाक स्तर है। भिलाई इस्पात संयंत्र और सीमेंट प्लांट से उड़ने वाली धूल और धुंए के कारण टाउनशिप की वायु गुणवत्ता बेहाल हुई जा रही है। टाउनशिप में भी धूल की गुबार उड़ती रहती है। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने सभी तरह के प्रदूषण की रोकथाम के लिए बेहतर इंतजाम कर रखे हैं। इसके बाद भी टाउनशिप की वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट चिंता का विषय है।

### उद्योगों की डस्ट से लोग बेहाल

भिलाई के इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित उद्योगों से उड़ने वाली डस्ट हवा में जहर घोल रही है। इंडस्ट्रियल इस्टेट के कई उद्योगों से रात के समय डस्ट को डिस्चार्ज किया जाता है। औद्योगिक धूल स्याह काली होती है और यह इंडस्ट्रियल इस्टेट के आसपास स्थित हथखोज, छावनी, खुर्सीपार, नंदिनी रोड, बैकुंठधाम इलाका, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल, भिलाई-चरोदा नगर निगम के उम्दा, वसुंधरा नगर, पद्मनगर, चरोदा, आदि स्थानों के घरों की दीवारों पर एवं भीतरी हिस्सों में धूल की मोटी परत रोज जम जाती है। लोगों के शरीर पर भी मैल की परत जम जाती है।

# मुख्यमंत्री से मिला बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज संगठन का प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल आज शुक्रवार को प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिला। रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास ‘पहुना’ में प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुलाकात हुई। अध्यक्ष रतन दासगुप्ता एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश के एंसीलरी एवं एमएसएमई उद्योगों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री दासगुप्ता ने मुख्यमंत्री श्री साय को भिलाई आने का निमंत्रण दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव श्याम अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रीतपाल सिंह एवं रितेश रायका, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, विशेष आमंत्रित सदस्य योगेश गुप्ता एवं गिरीश पारख शामिल थे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शास्त्रार्थ का आगाज

# अब घर बैठे वर्चुअल रियलटी से पूरे एहसास के साथ कर सकेंगे अमरनाथ व हज की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अब आप घर बैठे पूरे अहसास के साथ अमरनाथ, वैष्णोदवी, तीर्थ और हज जैसी यात्राएं कर सकेंगे। ऑगनेटिव एंड वर्चुअल रियालटी के जरिए यह मुमकिन होगा।

आपको घर बैठे दर्शन कराने के लिए वीआर हेडसेट के साथ शरीर पर कुछ सेंसर लगाए जाएंगे। इससे वीआर पर आप दर्शन करने के दौरान जब अमरनाथ की चढ़ाई करेंगे तो आपको पसीना आएगा। सांस भी फूलेगी। ठंड का अहसास भी होगा। यहां तक की आप बर्फानी बाबा को छू भी सकेंगे। बिल्कुल ऐसा महूसस होगा, जैसे आप खुद वहां मौजूद हों। इस फ्यूचर टेक्नोलॉजी की जानकारी शुक्रवार को रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज (आर-1) में हुए अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शास्त्रार्थ में अमरीका की एनवाईयू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. सौंजय एस गौर ने दी। उन्होंने बताया कि आने वाले पांच वर्षों में यह टेक्नोलॉजी उपलब्ध हो जाएगी।

यह सिस्टम सिर्फ यात्राओं तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हेल्थ से लेकर एग्रीकल्चर तक हर जगह मील का पत्थर साबित होगा। इस टेक्नोलॉजी के जरिए मरीज के ऑपरेशन के पहले उसे यह तक दिखाया जा सकेगा कि उसकी समस्या क्या है और उसका ऑपरेशन डॉक्टर कैसे करेंगे।



### देशभर के 480 शोधार्थी पहुंचे

आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र सिंह भी इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा बने। उन्होंने साइबर डिफेंस की जानकारी दी। शास्त्रार्थ में इस साल देशभर के 480 शोधार्थी अपने-अपने विषयों में शोधपत्र पढ़ेंगे। कॉन्फ्रेंस का समन्वयक संस्था के डायरेक्टर डॉ. एजाजुद्दीन, प्रोफेसर डॉ. अजय कुशवाहा, डॉ. पद्मावती श्रीवास्तव और डॉ. रामकृष्ण राठौर हैं। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा, डॉ. वाईएम गुप्ता, डॉ. मनोज वर्गीस शामिल रहे।

### किसान करेंगे एआई से खेती

शास्त्रार्थ के की-नोट स्पीकर के रूप में शामिल हुए अमरीकी कंपनी जॉन डिर के रिलेशनशिप मैनेजर डॉ. बृजनंदन सिंह ने एग्रीकल्चर सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आने वाली नई क्रांति के बारे में बताया। कहा कि, भारत में किसान की प्रमुख समस्या खाद, बीज और पानी से ज्यादा मैनपॉवर की है।

### बुजुर्गों की सेवा करेंगे रोबोट

इस कार्यक्रम में भारत सरकार के नीति आयोग के ब्रॉड एम्बेस्डर एवं एनआईटी प्रयागराज के प्रो. डॉ. रविप्रकाश तिवारी ने रोबोटिक्स के बड़े स्कोप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कामकाज भरी लाइफ स्टाइल में बुजुर्ग बेहद अकेले हो गए हैं। इसको देखते हुए ऐसे रोबोट डिजाइन हो रहे हैं, जो घर के सदस्य की तरह बुजुर्गों की देखभाल करेंगे। इसी तरह विभिन्न कारणों से अपने हाथ और पैर गवां बैठे लोगों को रोबोटिक्स की मदद से फिर से चलाया जा सकेगा। उनमें रोबो फिक्स हाथ पैर लगाए जा सकेंगे। इस संबंध में वैज्ञानिकों की रिसर्च अब आखिरी पड़ाव पर है। अगले साल तक इसमें बड़ा अपडेट दिखाई देगा।

खबर संक्षेप

## क्रास फायरिंग से बच्ची की मौत, कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** बीजापुर जिले गंगालूर थाना के ग्राम मुदवेंडी में पुलिस की क्रास फायरिंग में 6 माह की बच्ची के मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति बनाई है। समिति में विधायक विक्रम मंडावी संयोजक, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नीना रावतिया, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियाम, जिला पंचायत सदस्य बसंत ताती, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैया सदस्य हैं। समिति के सदस्यों को अविलंब प्रभावित गांव का दौरा कर पीड़ित परिवार सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट एवं चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति पर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दें।

## अमित जोगी की सुरक्षा ली गई वापस

**रायपुर।** जोगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की सुरक्षा केंद्र सरकार ने वापस ले ली है। विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनको जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की थी। चुनाव होने के बाद 1 जनवरी को उनकी सुरक्षा वापस लेने का आदेश जारी कर दिया गया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भगवानू नायक ने इसकी पुष्टि की है। विधानसभा चुनाव के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें सुरक्षा दी गई थी। प्रदेश में चुनाव के दौरान राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए उनको सुरक्षा दी गई थी। विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस ने 72 से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। स्वयं अमित जोगी ने पाटन से चुनाव लड़ा था। विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली। चुनाव होने के बाद केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा हटा ली है।

## मंत्री की नाराजगी के बाद बदले गए खाद्य नियंत्रक

**रायपुर।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने विभाग की समीक्षा बैठक में सीनियर अधिकारी के होते हुए जनूयिर को खाद्य नियंत्रक बनाए जाने पर नाराजगी जताई थी। मंत्री ने निर्देश दिया था कि वरिष्ठ के होते हुए कनिष्ठ को प्रभार न दिया जाए। मंत्री के निर्देश के बाद खाद्य संचालक जितेंद्र शुक्ला ने एक्शन लिया। राजधानी रायपुर में खाद्य नियंत्रक के पद पर पदस्थ कनिष्ठ सहायक खाद्य अधिकारी कैलाशचंद थारवानी को पद से हटाकर वरिष्ठ सहायक खाद्य अधिकारी अरविंद कुमार दुबे को प्रभारी खाद्य नियंत्रक के पद पर नियुक्त किया गया। विभाग ने इस आशय का आदेश पिछले दिनों जारी किया।

## तीन दिवसीय वालीबॉल स्पर्धा में हुए रोमांचक मुकाबले

**रायपुर।** हाटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल ग्राउंड स्थित मैदान में तीन दिवसीय वालीबॉल मैच में दर्शकों को रोमांचक खेल देखने का मौका मिला। प्रथम मैच 40 प्लस आयु वर्ग के लिए गरियाबंद विरुद्ध बलांगीर के बीच खेला गया जिसमें बलांगीर उड़ीसा द्वारा गरियाबंद को 2-0 से हराया। दूसरा मैच हटकेश्वर बी विरुद्ध दल्लीराजहरा के बीच खेला गया जिसमें लगातार सेट में हटकेश्वरनाथ ने दिल्ली राजहरा को लगातार 2-0 से हराया। तीसरा मैच 40 वर्ष आयु वर्ग में धमतरी विरुद्ध मॉर्निंग क्लब रायपुर के बीच खेला गया जिसमें मॉर्निंग क्लब रायपुर ने धमतरी को 2-0 से हराया।

# शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य, घर-घर जाकर पूछताछ करेंगे हेल्थ वर्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आयुष्मान कार्ड के सहारे दस लाख तक उपचार की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए राज्य में शत प्रतिशत लोगों को कार्डधारक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हेल्थ वर्करों को घर-घर जाकर लोगों को कार्ड के बारे में पूछने और मोबाइल के माध्यम से इसे बनाने की जानकारी देने का काम शुरू किया गया है। राज्य में अभी लगभग साठ लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। योजना के तहत इलाज की लिमिट बढ़ाने का काम शुरू किया जाना है। इसके लिए शतप्रतिशत कार्ड बनाने का काम पहले चरण में पूरा किए जाने की तैयारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों को तीन तरह का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत अस्पतालों में जाकर इलाज के दौरान कार्ड बनाने, च्वाइस सेंटर तथा मोबाइल के माध्यम से स्वयं कार्ड बनाने की सुविधा दी गई है। जानकारी के मुताबिक मोबाइल के माध्यम से आयुष्मान हितग्राही बनने में सर्वर के साथ पूरी तरह जानकार नहीं होने की समस्या आ रही है। इसे दूर करने की जिम्मेदारी स्वास्थ कर्मियों को दी गई है और उन्हें घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी लेने कहा गया है।

### राज्य में नहीं बने साठ लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड

### निजी अस्पतालों में भी मान्य

आयुष्मान कार्ड सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में भी मान्य है। प्रदेश में 1061 शासकीय संस्थानों और 561 निजी अस्पतालों में निशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। आयुष्मान योजना में एपीएल परिवार को 50 हजार तथा बीपीएल कार्डधारक परिवार को पांच लाख तक निश्शुल्क इलाज मिलता है। भविष्य में इस राशि को दस लाख करने की योजना पर काम किया जा रहा है।



### शिविर लगाए जा रहे

शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जगह-जगह शिविर लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। *- डा. खेमराज सोनवानी*
*उपसंचालक, स्टेट नोडल एजेंसी*

## लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू, प्रशासन ने भी कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम आने की संभावना

लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन शनिवार को होने के साथ ही दावा आपत्ति भी मंगाई जा रही है। वहीं नए मतदाता जो 1 जनवरी के साथ 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने आवेदन कर सकते हैं। वोटर हेल्प लाइन एप अथवा वेबसाइट के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध है। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा, इस सूची के आधार पर चुनाव कराया जाएगा। इधर प्रशासनिक तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। हाल ही में जिलों में कलेक्टरों का तबादला इसे ध्यान में रखकर किया गया है। माना जा रहा है कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ ही निर्वाचन आयोग मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी कर सकता है। छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने राज्यस्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक ली है। उन्होंने निर्वाचन सूची को लेकर उन्हें पूरी जानकारी दी है। राज्य में 2 करोड़ 4 लाख से अधिक मतदाता हैं। इनमें 1,01,49,798 पुरुष और 1,02,72,119 महिला, 739 थर्ड जेंडर पंजीकृत मतदाता हैं।

### 82.44 लाख टन हो चुकी खरीदी, 31 तक होगी

# राज्य में लक्ष्य पाने 17 दिन में 48 लाख टन धान की करनी होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ अब तक 48 .23 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

छत्तीसगढ़ में इस साल 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 82.44 लाख मीट्रिक टन की खरीदी पूरी हो चुकी है। अब 17 दिन में 48 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जानी है। खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन साढ़े तीन से चार लाख टन धान की आवक होने से अंतिम तिथि 31 जनवरी तक लक्ष्य पूरा होने का अनुमान खाद्य विभाग के अधिकारी लगा रहे हैं। अब तक लक्ष्य के मुकाबले 63 प्रतिशत से अधिक की धान खरीदी जा चुकी है।

राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। सरकार के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। एक नवंबर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे।

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल कॉमन धान की 2040 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से किए जाने के साथ ही उन्हें प्रति एकड़ 9000 रुपए की इनपुट सब्सिडी दी गई, जिसे मिलाकर अधिकतम 39,600 रुपए का भुगतान होता था। इस साल 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होने से किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने पर 65,100 रुपए मिलेगा। किसानों को गत वर्ष की तुलना में 25,500 रुपए का अतिरिक्त लाभ होगा।



### खरीदी के साथ उठाव भी जारी

मार्कफेड के महाप्रबंधक दिलीप जायसवाल ने बताया कि राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 16 लाख 67 हजार 790 किसानों से 82 लाख 44 हजार 476 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 17 हजार 773 करोड़ रुपए से अधिक राशि का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 68 लाख 55 हजार 366 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। इसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा 48 लाख 23 हजार 145 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

## सर्वर डाउन से दूसरे दिन भी आधार का काम प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सर्वर प्रॉब्लम का असर दूसरे दिन भी आधार संबंधी कामकाज पर पड़ा। शनिवार को शासकीय अवकाश के कारण लोकसवा केंद्र बंद रहे। इसके कारण लोग अधिकृत चॉइस सेंटरों में आधार से संबंधित काम लेकर पहुंचते रहे, लेकिन सुबह से दोपहर तक सर्वर डाउन के कारण चॉइस सेंटरों में भी आधार से संबंधित काम नहीं हो पाए, वहीं दोपहर बाद सर्वर में सुधार आया भी, तो सर्वर स्लो होने से आधार के काम काफी धीमी गति से होते रहे। इस दौरान कई बार सर्वर डाउन भी होता रहा, जिससे आम लोगों के साथ चॉइस सेंटर के संचालक व कर्मी भी परेशान होते रहे।



### शुक्रवार को दिनभर डाउन रहा सर्वर

आधार के ऑनलाइन वेबसाइट साफ्टेवयर में 5 जनवरी शुक्रवार से सर्वर का प्रॉब्लम शुरू हुआ है। इस दिन सर्वर पूरी तरह से डाउन रहा, जिसके कारण सुबह से रात तक आधार से संबंधी कोई भी काम नहीं हो पाया है। सर्वर डाउन के कारण लोग भी दिनभर लोकसेवा केंद्र से लेकर चॉइस सेंटरों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उनका काम नहीं हो पाया। अधिकारियों के अनुसार सर्वर का प्रॉब्लम हैदराबाद से है, जहां आधार वेबसाइट साफ्टवेयर के सर्वर की मॉनिटिरिंग की जाती है। सर्वर में प्रॉब्लम का कारण क्या है, इसकी जानकारी अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। उनका कहना है कि हैदराबाद से अब तक इस मामले में कोई जानकारी नहीं आई है।

## 40 वी एनटीपीसी राष्ट्रीय सब जूनियर तीरंदाजी में खिलाड़ियों ने लगाया अचूक निशाना



**रायपुर(प्रखर)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसियन द्वारा आयोजित 40 वी एनटीपीसी राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को समस्त राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों के बीच रिकर्व कंपटीशन प्रतियोगिता संपन्न हुई।

समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर कमलेश्वर अग्रवाल एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता नरेश गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मंच पर तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश कुमार, हृदय चौहान, संजय अग्रवाल,अमरजीत सिंह छाबड़ा, सुभाष मुरारका, अशोक दुबे, रविंद्र बागी, सुनील अग्रवाल, संघ अध्यक्ष कैलाश मुरारका उपस्थित थे। अतिथि का स्वागत संघ के सदस्य द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि कमलेश्वर अग्रवाल ने बच्चों को संबोधन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश आचार्य संगठन की पूरी टीम द्वारा आप सभी के लिए शानदार व्यवस्था की गई है और आप सब अथक मेहनत और प्रयासों से विजेताओं के रूप में अपना नाम हमारे राज्य का नाम गौरवान्वित करेंगे। संचालन हिरदेश चौहान ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अमरजीत छाबड़ा ने दिया। पदक तालिका के अंतर्गत रिकर्व 60+60 मीटर दूरी-बालक में राजस्थान से अथर्व शर्मा प्रथम, अगस्त्य सिंह द्वितीय, आदित्य वाधवा तृतीय, व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड- बालक में अथर्व शर्मा राजस्थान, इशान हरियाणा,गोल्डी मिश्रा , प्रांजल ठोलिया राजस्थान, मिक्स्ड टीम अगस्त्य सिंह हरियाणा,गोल्डी मिश्रा झारखंड, अनुपा कुमारी महाराष्ट्र और गार्गी रूपेश चव्हाण शामिल हैं।

## हत्या के बाद लंबे समय से फरार आरोपी को नेवई पुलिस किया गिरफ्तार

**भिलाई।** हत्या के बाद लंबे समय से फरार आरोपी को नेवई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा ने बताया कि 25 नवंबर 2003 को रात्रि 8:30 बजे कल्याणी शीतला मंदिर टंकी मरोदा के पास रमन उर्फ पप्पू यादव व अन्य ने मंगल देवार व उसके अन्य साथी से हाथ मुक्का डंडा लाठी व चाकू से वार किया था। इस जानलेवा हमले में रमन उर्फ पप्पू यादव को गंभी चोट पहुंचाया था । जिसे पर थाना नेबई में अपराध क्रमांक 298 / 2023 धारा 147, 148, 294, 506, 323 307 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के आहात रमन उर्फ पप्पू यादव की इलाज दौरान अस्पताल में मौत हो गया। प्रकरण में धारा 302 भादवि जोडी गई। अपराध कि गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी नेवई प्रशांत मिश्रा ने प्रकरण के आरोपीगण हरीश साहू, ओंकार महार, करण उप दादू, करण मांझी, दीवान देवार, लीलाधर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। अन्य फरार आरोपियों कि पतासाजी जारी थी। 5 जनवरी को फरार चल रहे मंगल उर्फ मानव पिता अवतार सिंह उम्र 25 साल साकिन स्टेशन मरोदा बजरंग पारा थाना नेवई को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

## पायलट 11 को आएंगे, लोस चुनाव और न्याय यात्रा पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनाए जाने के बाद वे 11 जनवरी को राज्य के दौरे पर आएंगे। प्रभारी बनाए जाने के बाद उनका यह पहला प्रदेश दौरा होगा। उनका दौरे के दौरान लोकसभा चुनाव और भारत न्याय यात्रा को लेकर चर्चा हो सकती है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस संगठन में नियुक्तियों पर भी चर्चा की जाएगी।



पायलट की नियुक्ति के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में नए सिरे से फेरबदल किया जा सकता है। आगामी लोकसभा चुनाव के पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों पर भी आंच आएगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार जिला कांग्रेस के उन अध्यक्षों को भी हटाया जा सकता है, जहां पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश कांग्रेस की अंतर्कलह खुलकर सामने आई है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी को खड़ा करना नए प्रदेश प्रभारी के लिए पहली चुनौती होगी। संगठन स्तर पर हर जिले के विधानसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा के अनुसार लगभग आधा दर्जन जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को पद से हाथ धोना पड़ सकता है।

### इन जिलों में बदले जा सकते हैं अध्यक्ष

चुनाव परिणाम आने के बाद पार्टी नए सिरे से इसकी समीक्षा कर रही है कि किन जिलों में पार्टी को भारी नुकसान हुआ। वहां पर जिला अध्यक्षों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कई जिले में जहां पार्टी को भारी हार का सामना करना पड़ा। यहां पर संगठन के स्थानीय विधायकों से समन्वय और अन्य मामलों की समीक्षा हो चुकी है।

### महामंत्रियों के रिक्त पद भरे जाएंगे

प्रदेश संगठन में प्रदेश महामंत्री और मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के तीन से चार पदों पर नियुक्ति नए प्रभारी की अनुमति से पीसीसी द्वारा की जाएगी। बताया जाता है कि प्रदेश संगठन में महासचिव के तीन-चार पद पहले से रिक्त हैं। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष और मोर्चा-प्रकोष्ठ के कुछ पदों पर नियुक्ति होगी।

## 2 साल से भटक रहे हितग्राहियों को मिला अधिकार पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने दिए अधिकार पत्र

2 साल से अधिकार पत्र के लिए भटक रहे हितग्राहियों को अधिकार पत्र मिला। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकार पत्र दिए। श्री मूणत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए, पात्र हितग्राहियों को तत्काल आवासों का आवंटन करें।

ठाकुर प्यारेलाल वार्ड के सीएसईबी ग्राउंड डगनिया में शनिवार को भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया गया। इसमें रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुए। वार्डवासियों की सुविधा के लिए लगाए गए इस शिविर में केंद्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी गई।

राजेश मूणत ने श्रम विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र श्रमवीरों के तत्काल श्रम कार्ड बनाकर दें। सभी जन प्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी मिलकर गरीबों की सेवा की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लें। श्री मूणत ने समाज कल्याण विभाग की ओर से नागरिक रामलाल पाटले को श्रवण यन्त्र प्रदान किया। उन्होंने कोपलवाणी के मूक-बधिर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भाव-भंगिमा पूर्ण देशभक्ति गीत की सराहना की।

इस मौके पर वार्ड पार्षद ज्ञानेश शर्मा, पूर्व पार्षद, दिलीप यदु, गोपी साहू, अशोक पाण्डेय, बजरंग खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष अमित सोनकर, जोन 5 कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कुलपति को लापता बता फोटो की उतारी आरती

# एबीवीपी ने टेक्निकल यूनिवर्सिटी का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

स्टूडेंट्स की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा टेक्निकल विश्वविद्यालय परिसर घेराव किया गया। बड़ी तादाद में विद्यार्थी मौजूद थे। प्रदर्शन के दौरान असमर्थ विद्यार्थियों के लिए 1,1 रुपए संकलित किया गया व अनुपस्थित कुलपति को लापता बताते हुए उनकी फोटो की आरती उतार कर विरोध जताया गया। छात्र नेताओं ने विवि प्रशासन को जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। एबीवीपी पदाधिकारियों ने कहा कि सीएसवीटी यू मैं परीक्षा शुल्क पहले 800 रुपए था, उसे अब 1376 रुपए कर दिया गया है, यह बिल्कुल भी छात्रों के हित में नहीं है । 50% से अधिक विद्यार्थी मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। फीसवृद्धि वापस लिया जाए। परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहा जहां होनहार विद्यार्थियों के एक ही विषय में शून्य अंक आए हैं और बाकी सभी विषयों में उन्होंने 90% तक अर्जित किया । मुख्य परीक्षा के मूल्यांकन मे लगातर की जा रही हई लापरवाही जिसमे उत्तरपुस्तीका की मूल्यांकन सही से नही की गयी। आईआरवी/आरटी की परिणाम घोषणा मे देर रही है। इससे परिणाम प्रभावित हो रहे हैं। रिवॉल्यूशन में 50 40 से भी अत्यधिक नंबर बढ़ाना स्पष्ट दर्शाता है कि विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिका की जांच में हर सेमेस्टर में लापरवाही की जा रही है।



### दी आंदोलन की चेतावनी

ट्रेनिंग प्लेसमेंट के नाम पर हर सेमेस्टर फीस वसूली जाती है लेकिन थर्ड ईयर में पहुंचने के बाद भी ट्रेनिंग या प्लेसमेंट कैंप का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा नहीं कराया गया है। परीक्षाओं का आयोजन करने से विद्यार्थी वंचित हो जाते हैं। छात्र परीक्षा फॉर्म डालने के बाद जब पेमेंट करता है उसका उसके बाद भी साइट पर अनपेड शो होता है। रिजल्ट में किसी न किसी सब्जेक्ट में एब्सेंट बताया जाता है वेबसाइट में लगातार दिक्कत होती है वेबसाइट खराब है। प्रांत मंत्री यज्ञदत्त वर्मा व पूर्व प्रांत मंत्री मनोज वैष्णव ने कहा कि विवि प्रशासन ने यदि सोमवार तक कोई निर्णय नहीं लिया गया तो प्रांत भर के कार्यकर्ता एक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी दी गई । विभाग संयोजक पलाश घोष ने बताया की 6 घंटे के प्रदर्शन के बाद कुलसचिव ने लिखित रूप से यह सुनिश्चित कराया कि सोमवार तक इन सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा । नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### मंत्री बृजमोहन ने किया पोस्टर का विमोचन

**रायपुर।** मराठा समाज द्वारा 25 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर 25 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के साथ मराठा समाज के सदस्य शामिल होंगे। इस भव्य शोभायात्रा के लिए पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर मराठा समाज द्वारा मंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराजजी की फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया। युवा अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि पोस्टर विमोचन के अवसर पर सुरेंद्र डुकरे, महेंद्र जाधव, गुणवंत घाटगे, लोकेश पवार, विनोद मांढरे, अतुल चव्हाण, दीपक इंग्ले, एवं अन्य मराठा सदस्य उपस्थित थे।

### लोकनाट्य दसमत का किया सफल मंचन



**रायपुर।** भारतीय जननाट्य संघ द्वारा रायगढ़ में राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा रायगढ़ में संगीतबद्ध नाटक दसमत का सफल मंचन किया गया। यह नाटक वरिष्ठ लोक कलाकार राकेश तिवारी द्वारा लिखित निर्देशित में किया गया। इस नाटक में मीना विश्वकर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, संत फरिकार, लोकेश साहू, सविता तिवारी, सुदामा शर्मा, नीतीश यादव, सुमित तिवारी, अर्जुन दास मानिकपुरी ने अभिनय पक्ष में योगदान दिया। मंच के पीछे गायन-हारमोनियम राकेश तिवारी, ढोलक-मांदर मनीष लदेर, बैंजो-मोहन साहू आदि ने भूमिका निभाई।

### रात का तापमान चार डिग्री ज्यादा

**रायपुर।** दक्षिण दिशा से आने वाली नमीयुक्त हवा के प्रभाव से शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है। दिन में छा रही धुंध और हवा की गति अधिक होने से ठंडकता का अहसास हो रहा है। अगले चार दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने के आसार नहीं हैं, इसके बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना बन रही है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, मगर बंगाल से आने वाली हवा की नियमितता बनी हुई है। अभी नारायणपुर जैसे इलाके में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। रायपुर का तापमान 17 डिग्री तक पहुंच गया है, यह जनवरी के पहले सप्ताह में तापमान सामान्य से अधिक होने की वजह से सुबह के वक्त गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है। शनिवार को दिन के मौसम में मामूली बदलाव नजर आया। ऊपरी हिस्से में धुंध की मात्रा अधिक होने से बदली छाए रहने का अहसास हुआ। इसके साथ हवा की गति भी अधिक होने की वजह से ठंडकता महसूस होती रही। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि अभी मौसम में उतार-चढ़ाव वाली स्थिति बनी हुई। दो दिन बाद तापमान थोड़ी वृद्धि होगी।

---

**योजना**

नगर पंचायत बेरला पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# शिविर में हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ, प्रदान की गई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर शर्मा ने लोगों को दी हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत केन्द्र सरकार की शासकीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रविवार को नगर पंचायत बेरला के जयस्तम्भ चौक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया । इसी क्रम में रविवार को संयुक्त सचिव भारत सरकार एवं ज़िला प्रभारी अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा आशीष जोशी (आईएएस) व नवपदस्थ कलेक्टर रणबीर शर्मा आयोजित विकसित भारत संकल्प योजना कार्यक्रम में शामिल हुए और जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाली लाभार्थियों से मिले एवं कार्यक्रम में शासकीय विभागों द्वारा लगायी गई जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मोदी रथ द्वारा प्रधानमंत्री का देश की जनता के नाम संबोधन प्रस्तुत किया गया और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित शासकीय योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से स्क्रीन पर दिखाया गया । इस अवसर पर सभी मंचस्थ अतिथिगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं समस्त ग्रामीण जन द्वारा विकसित भारत एवं स्वच्छता की शपथ ली गई। कार्यक्रम में स्वागत समिति द्वारा रथ का अभूतपूर्व स्वागत किया गया । संकल्प रथ के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित शासकीय योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से स्क्रीन पर दिखाया गया ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर अनिल पजपेयी, एसडीएम बेरला युगल किशोर उर्वशा, नगर पंचायत सीएमओ वनीष दुबे, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जनपद पंचायत के सदस्य व जनप्रतिनिधिगण, ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच, विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे । कलेक्टर रणबीर शर्मा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को



सम्बोधित किया और योजनाओं से मिलने वाली लाभर्थियों से मिले एवं कार्यक्रम में शासकीय विभागों द्वारा लगायी गई जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया । उन्होंने कहा कि भारत सरकार के जितने भी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, उसे विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जा रहा है, और पात्र हितग्राही को तुरंत ही कार्यक्रम स्थल पर योजना का लाभ दिलाया जा रहा है । उन्होंने कहा कि जो पात्र हितग्राही है, उन्हें इन शासन की योजनाओं का लाभ मिले यह शासन का उद्देश्य है । इस दौरान उन्होंने सरकार की योजनाओं के बारे मे बताया तथा पात्र लोगों को सामग्री भी भेंट की । कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी बतायी गई । विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र एवं किट प्रदाय किया गया । इस अवसर पर खाद्य विभाग द्वारा उज्ज्वला योजना अतंर्गत गैस सिलेंडर, हेल्थ विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प, सीकल सेल, एनीमिया जांच किया गया। कृषि विभाग द्वारा जैविक खेती के सम्बंध में जानकारी दी गई व हितग्राहियों को बीज़ किट प्रदाय किए गए । नेहरू युवा केन्द्र द्वारा युवाओं का पंजीयन किया गया । बैंक द्वारा अपने लगाए गए स्टॉल में जन-धन, मुद्रा लोन, बीमा के सम्बंध में जानकारी दी गई । हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया गया, इसके साथ ही डिजिटल भुईया के तहत अभिनन्दन पत्र वितरण किया गया । शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया ।

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

बेरला के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी निकाय द्वारा पिछले 2 सप्ताह से लगातार किया जा रहा था जिसके लिए लोगों को जागरूक करने नियमित रूप से मुनादी किया जा रहा था। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों को आमंत्रित भी किया गया था। विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत हेतु नगर पंचायत बेरला के स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रातः 10 बजे से ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अलग अलग विभाग में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

---

# नवोदय प्रवेश की तैयारियों को परखने खैरझिटी कला स्कूल में हुआ मॉक टेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- परीक्षा में कक्षा पांचवी के 44 विद्यार्थी हुए शामिल

20 जनवरी 2024 को होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा की तैयारी को लेकर ग्राम खैरझिटी कला के प्राथमिक शाला में मॉक टेस्ट दूसरी बार लिया गया। इसमें कक्षा पांचवी के 44 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मॉक टेस्ट 2023-24 में साजा एवं बेमेतरा विकासखंड के विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। परीक्षा के बाद जांच परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में 80 प्रश्न रहा जिसमें कुल 100 अंक निर्धारित किया गया था। टेस्ट परीक्षा में प्रथम स्थान आशुतोष वैष्णव 87.50 प्रतिशत एवं द्वितीय स्थान यशस्वी वर्मा 78.15 प्रतिशत प्राप्त किया। परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रधान पाठक रामकुमार वैष्णव द्वारा पेन देकर पुरस्कृत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए बच्चों की ओर कठिन परिश्रम कर अच्छे अंक प्राप्त करने की बात कही एवं उनका उत्साह वर्धन किया मॉक टेस्ट के आयोजन में साजा बी.आर.सी बी.डी. बघेल , संकुल समन्वयक खैरझिटी कला आनंद ताम्रकार, प्रधान पाठक रामकुमार वैष्णव,राजूलाल पटेल, कुलेश्वर पटेल, देवचरण साहू, दुर्गेश श्रीवास,अगमदास मार्कंडेय,डाकवर पटेल , भागवत पटेल एवं पालक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बापू की कुटिया के संचालन की होगी समीक्षा

**रायपुर।** शहर में बुजुर्गों के लिए बनाई गई बापू की कुटिया के संचालन की जल्द समीक्षा होगी। इसके नए सिरे से संचालन को लेकर रणनीति बनाकर बंद पड़ी कुटिया को दोबारा शुरू कराने निगम प्रशासन कदम उठाएगा। यही नहीं, देश में वेंडिंग जोन के क्षेत्र में हुए श्रेष्ठ कार्य देखने निगम की टीम भुवनेश्वर जाएगी। गांधी सदन में शनिवार को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने बापू की कुटिया के सुव्यवस्थित संचालन पर जोर दिया। जिला कलेक्टर के दिशा-निर्देश पर बापू की कुटिया का संचालन करने वाले समूहों के साथ समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी। अधिकारियों के साथ बैठक में श्री मिश्रा ने कहा, देश में श्रीनगर सहित अन्य ऐसे नगर जहां वेंडिंग जोन विकास में श्रेष्ठ कार्य हुए हैं, उनकी तर्ज पर प्रशासन के माध्यम से रायपुर में वेंडिंग जोन विकसित करने कार्य किया जाए।

# खिलाड़ियों को जीत-हार के बजाए अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन पर ध्यान देने की जरूरत : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- सिलघट में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए विधायक

रविवार को ग्राम पंचायत सिलघट में आयोजत एकदिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाकर उत्साहवर्धन करते हुए विधायक साहू ने कहा कि निरंतर क्षेत्र में कबड्डी प्रतियोगिता की जा रही है।

जिससे युवाओं को खेल के प्रति रुझान बढ़ रहा है, खिलाड़ियों को हार-जीत के बजाय अपने शत-प्रतिशत प्रदर्शन की ओर ध्यान देना चाहिए। परिणाम से जीतने वाले की श्रेष्ठता तो प्रकट होती है, लेकिन हारने वाले को भी बहुत सी सीख मिलती है। आज के परिवेश में पढ़ाई लिखाई के साथ खेल खेलना आवश्यक हैं, युवाओं का जोश कबड्डी के खेल में दिखाई देता है। इस दौरान जिला पंचायत सभापति राहुल टिकरिया, सरपंच संध्या टिकरिया, ओमप्रकाश पांडेय, भूपेंद्र टिकरिया, रामवतार साहू, त्रिलोचन वर्मा, खेमलाल वर्मा, तोपसिंग टिकरिया, ईश्वरी वर्मा, लखन साहू, असीम टिकरिया, सुदामा साहू, कल्पना साहू, अनिता साहू, अश्विनी साहू, राजेश वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

# एंटी स्नेयर वॉक से वन्यजीवों को शिकारियों से बचाया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के जंगलों में वन्यजीवों की लगातार शिकार होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। हिंसक तथा शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीवों का शिकार होने पर इसकी जानकारी मिल जाती है, लेकिन हर्बिबोर प्रजाति जिसमें हिरण, चीतल, सांभर तथा जंगली सुअर शामिल है, इन प्रजातियों के वन्यजीवों की शिकार की जानकारी वन अफसरों को यदा-कदा ही मिल पाती है। हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों के शिकार करने के बाद शिकारी वन्यजीव को अपने साथ ले जाते हैं।

गौरतलब है कि जंगल सफारी में गुरुवार को शिकारियों के माउथ बम से गंभीर रूप से घायल एक लकड़बग्घा को उपचार के लिए लाया गया है। कलड़बग्घे की हालत गंभीर बनी हुई है। माउथ बम चबाने से लकड़बग्घा के निचले हिस्से का चिथड़ा उड़ गया है। लकड़बग्घा को जीवित रखने के लिए लिक्विड डाइट में मटन तथा चिकन का सूप पाइप के माध्यम से दिया जा रहा है। वन्यजीव चिकित्सक डॉ. राकेश वर्मा के मुताबिक लकड़बग्घे की हालत में कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन भविष्य में लकड़बग्घा द्वारा मांस के साथ हड्डी चबाकर खाया जा सकता है, इस पर संदेह है।

### शिकार रोकने कोई उपाय नहीं

वन अफसर वाइल्ड लाइफ क्राइम रोकने हरसंभव उपाय करने का दावा करते हैं, लेकिन वन अफसरों ने शिकार की घटना रोकने अब तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं किया है, जिसकी वजह से राज्य के वनों में आए दिन शिकार की घटनाएं हो रही हैं। वन अफसर वाइल्ड लाइफ क्राइम होने के बाद तस्करों के कब्जे से वन्यजीवों की खाल तथा अंग जरूर जब्ती बनाकर वाहवाही बटोर लेते हैं, जबकि होना यह चाहिए की वन अफसर तथा कर्मी अपनी सजगता का परिचय देते हुए शिकार की घटना को रोकें।

# नगर में प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतिगिता का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सन्हा हुए शामिल

जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में स्व.विक्की बनाफर की स्मृति में आयोजित रात्रि कालीन प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता भव्य शुभारंभ विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका के हाथों हुआ ।

इस दौरान श्री सिन्हा ने तीसरे वर्ष आयोजित प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा की शहर सहित समूचे जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। हमारे यहां के युवा हर खेल में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं जो गौरव की बात है। इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहनी चाहिए ताकि हमारे अंचल व शहर के होनहार खिलाड़ी की पहचान हो सके । इस के अलावा उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना से खेलने प्रेरित किया। शुभारंभ के दौरान नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष विजय सुख्वानी, विकास तम्बोली,गौरव साहू, राजेश शर्मा, योगेश वर्मा, दीपक मोटवानी, वसीम खान, आयोजक समिति के जुनैद हिंगोरा, विक्की दानी सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# जिले के 6 लाख क्विंटल कस्टम मिलिंग के आवंटित कोटे को वापस लाएं : निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला पंचायत सदस्य ने खाद्य मंत्री को लिखी चिट्ठी

जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने जिले के राईस मिलर्स के लिए बेमेतरा जिले के कोटा में 6 लाख क्विंटल की कटौती को वापस लाने के लिए जिले के मंत्री दयालदास बघेल को पत्र लिखा है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि पिछले साल के कस्टम मिलिंग के कोटे में समानुपातिक रूप से बढ़ोतरी की जानी चाहिये। पिछले वर्ष जिले में 75 राइस मिल पंजीकृत थीं, वहीं इस साल संख्या बढ़ कर 107 हो गई है।

इससे नये आए हुए मिलर्स को एग्रीमेंट के मुताबिक धान का डीओ नहीं मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार में उद्योग आकांक्षी जिले होने के बाद भी मिलरों को प्रोत्साहन स्लैब में मिलिंग करने धान का उठाव करने के लिए धान उपलब्ध नहीं है। विभाग ने नये डीओ ब्लाक कर दिया है, जिससे नये कस्टम मिलिंग करने वाले मिलर्स के अलावा पुराने मिलरों को भी परेशानी हो रही है। खाद्य अधिकारियों को कस्टम मिलिंग में जिले में धान के कोटे के लिए कार्ययोजना मिलर्स के संख्या और पीडीएस के चावल के समानुपातिक देने की जरूरत है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष कुल आबंटन 34 लाख 17 हजार 1सौ 30 क्विंटल में से 2लाख 94 हजार 1सौ 80 क्विंटल उसना का है शेष मिलिंग अरवा के लिए है,बेमेतरा जिले के 6 लाख क्विंटल धान जो कोटे के हिसाब से बेमेतरा जिले का है वापस लाया गया तो जिले के मिलरो को बहुत सहूलियत होगी,

इस विषय पर जिला पंचायत सदस्य निर्वाणी ने विभाग के अधिकरियों से भी चर्चा कर जिले का कोटा बढ़ाने और दूसरे जिले में दिए हुए बेमेतरा के कोटे को वापस लाने जरूरी कदम उठाने को कहा है,बेमेतरा कस्टम मिलिंग कर रहे नए मिलरों ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के पहल का स्वागत किया है।

---

**राधाकृष्ण मन्दिर में अखंड नवधा रामायण का हुआ समापन**

# प्रभु श्रीराम ने असत्य-अनीति का नाश कर सत्य-नीति को किया पुनर्स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोदवा

कोदवा-बेरला मुख्य मार्ग में स्थित राधाकृष्ण मन्दिर में अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन कई वर्षों से लगातार किया रहा है। आयोजन से पूरे गांव में उल्लास का वातावरण देखा जा रहा है। 4 जनवरी से कथा की शुरूआत हुई जो रविवार को समाप्त हुई। सुबह व शाम को होने वाली नवधा आरती में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही है।



### असत्य व अनीति का किया नाश

समिति प्रमुख नंदलाल साहू ने कहा कि श्री अखंड नवधा रामायण के श्रवण से हमारा ये मानव जीवन कृतार्थ हो जाता है। प्रभु श्रीराम ने प्रेम, दया व समानता के भाव से मर्यादा में रहकर पुत्र, पति, भाई व राजा की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। रामायण की सबसे बड़ी सीख है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है। बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत सच्चाई की होती है। समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए हमें रामायण के प्रत्येक पात्रों को जीवन चरित्र से सीख लेनी चाहिए, मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचन्द्र जी ने असत्य व अनीति का नाश कर सत्य व सदाचार युक्त राज्य की स्थापना की। प्रभु श्री रामचन्द्र के जीवन चरित्र से हमें मर्यादित व्यवहार करने की प्रेरणा मिलती है, तो लक्ष्मण से हमें भाई के साथ किस तरह व्यवहार करना चाहिए व बड़े भाई का आज्ञाकारी होने की सीख मिलती है। सीता माता के चरित्र से दुख की घड़ी में भी पति के साथ रहने की प्रेरणा मिलती है। भरत से हमें भक्ति करने की प्रेरणा मिलती है।

### आसपास के ग्रामीण अंचलों से श्रद्धालु हुए शामिल

ठंड का मौसम होने के बाद विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से मानसगान करने वाले दलों का आगमन होता रहा। समिति प्रमुख तोपसिंग वर्मा ने बताया संगीत साधकों को सुनने के लिए शाम से ही भीड़ लग जाती थी। भजन के माध्यम से रामचरित मानस के दोहे व चौपाई आधारित संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया। आयोजन समिति की ओर से बाहर से पहुंचने वाली मानस टोलियों के लिए भोग-भंडारे की व्यवस्था की गई थी। आयोजन में शामिल होने आसपास के गांव के ग्रामीण शामिल रहे। आयोजन में संरक्षक राजकुमार वर्मा, रमेश वर्मा, अध्यक्ष मुकेश पटेल उपाध्यक्ष रामबाबू शुक्ला दीपक निर्मलकर कोषाध्यक्ष गोकुल पारकर सचिव घनश्याम साहू नागेश्वर पारकर संचालक तोपसिंह वर्मा, नंदलाल साहू, विशेष सहयोगी भागवत साहू सोनीराम जोशी, देवेंद्र साहू, शंकर साहू, हिरावन पारकर, समिति कार्यकर्ता रमाकांत जोशी संजय सेन, लालू वैष्णव, दिलेश्वर पटेल, पंडित नारायण शुक्ला राजेश वर्मा रितेश वर्मा गैंदलाल वर्मा राजेश धुर्वे, राजू निर्मलकर, जेठू यादव, सोभा निर्मलकर, संदीप वर्मा, दीपक साहू लोगो का विशेष सहयोग रहा।

